SUNDAY | 28.11.2021 | मार्गशीर्ष कृष्ण-नवमी विक्रम संवत-2078

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

महानगर वर्ष 63 | अंक 312 | पृष्ठ : 20+6 | मूल्य : सात रुपये

बरेली

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

PAGE NO. 09 : MIDDLE

कोरोना योद्धाओं को समर्पित जेस्ट आरोहन

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्री राममूर्ति स्मारक शतिक प्रेक्षागृह में शनिवार को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम जेस्ट आरोहन का आयोजन हुआ जिसमें एसआरएमएस के सभी संस्थानों के आठ सौ विद्यार्थियों की 120 टीमों ने 24 स्पर्धाओं में अपना दमखम दिखाया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए।

चेयरमैन देवमूर्ति ने कार्यक्रम को कोरोना योद्धाओं को समर्पित करते हुए विद्यार्थियों को जीवन के संघर्ष से कामयाबी हासिल करने के लिए कई सुझाव दिए। इसके बाद विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की थीम आरोहन पर आधारित नृत्य पेश किया। देर शाम तक डीजे की धुन पर विद्यार्थी थिरकते रहे। आखिर में पिछले दिनों हुई खेल प्रतियोगिता हुंकार के विजेताओं को ट्राफियां दी गईं। इसमें एसआरएमएस सीईटी को चैंपियन की ट्राफी दी गई। नितिन और नर्सिंग की परमीत कौर को बेस्ट प्लेयर चुना गया। ब्यूरो